Dainik Bhaskar

121 Blind people recruited in education and other departments

पंजाब सरकार ने विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत ग्रुप-डी के दृष्टिहीन 121 उम्मीदवारों को विभिन्न विभागों में भर्ती किया गया। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि केवल स्कूल शिक्षा विभाग में ही 88 मुलाजिमों को सेवादार, चौकीदार, सफाई सेवक, दफ्तरी, गेटकीपर के नियुक्ति पत्र दिए गए। वहीं 33 पद अन्य 22 विभागों में भरे गए। यह सीधी भर्ती विशेष तौर पर विभिन्न विभागों के दृष्टिहीन उम्मीदवारों से संबंधित रिक्तियों के बैकलॉग को पूरा करने के लिए की गई है और इस समागम के दौरान चुने गए समस्त उम्मीदवारों को विभागों के मुखियों द्वारा मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए गए। इस संबंध में विशेष कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया।